सावधान

# रतलाम जिले में 56 दिन बाद आया कोरोना, मांगलिक कार्यक्रम में आया युवक निकला पॉजिटिव



रतलाम। जिले में कोरोना की वापसी हो गई है। मंगलवार को एक युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। खास बात ये है कि शादियों का सीजन खत्म होने के आखिरी दिन ही युवक पॉजिटिव आया है, जो कि मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहा था। इधर, एक बड़ी चुनौती भी सामने आ गई है क्योंकि युवक ने ताल से डोसीगांव और वहां से ताल तक का सफर बस से ही तय किया है। ऐसे में अब बस में सवार यात्रियों की ट्रेसिंग भी मुश्किल होगी। जानकारी के अनुसार मंगलवार को ताल निवासी एक 22 साल के युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। यह बस से डोसीगांव मांगलिक कार्यक्रम में आया था, ऐसे में प्रशासन की टीम ने इसका सैंपल लिया था। प्रशासनिक अमला मंगलवार को उस वक्त हरकत में आ गया जब युवक का सैंपल पॉजिटिव मिला। युवक के घर टीम पहुंची और कंटेनमेंट बनाया। यह युवक मिस्त्री का काम करता है। रात तक युवक को मेडिकल कॉलेज में आइसोलेट करने की तैयारी की जा रही थी।

**वायरस ओमिक्रॉन है या डेल्टा, यह जिनोम सिक्रेंसिंग से पता चलेगा** -वक ओमिक्रॉन वायरस के चपेट में आया है या डेल्टा वायरस के यह जिनोम सिक्रेंसिंग के बाद ही पता चल सकेगा। युवक का सैंपल बुधवार को भेज दिया जाएगा। इधर, प्रशासनिक टीम अब युवक की कांटेक्ट ट्रेसिंग में जुट गई है। युवक डोसीगांव में जिस आयोजन में आया था, वहां आने वाले सभी लोगों की सैंपलिंग की जाएगी।20 अक्टूबर को आया था आखिरी पॉजिटिव- शहर में आखिरी पॉजिटिव 20 अक्टूबर को आया था। अब तक जिले में 17507 पॉजिटिव आ चुके हैं। इनमें से 311 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया।

**इनका कहना**कांटेक्ट ट्रेसिंग कर रहे हैं। युवक मांगलिक कार्यक्रम में आया था, सभी के सैंपल ले रहे हैं। बस यात्रियों से अपील है कि वे खुद आकर सैंपल दें। जिनोम सिक्रेंसिंग के लिए सैंपल भेजेंगे।-डॉ. गौरव बोरीवाल, एपेडेमियोलॉजिस्ट, रतलाम स्वतंत्र

स्वतंत्र रतलाम 16/12/21

# कचरा संग्रहण व सफाई में पिछड़े, इसे दूर करना होगा

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 • कंसल्टेंसी एजेंसी ने कमियां दर्शाकर बताया अव्वल आने का प्लान

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** देश के सर्वाधिक स्वच्छ शहरों में रतलाम को शामिल करने के लिए अब योजनाबद्ध तरीके से काम होगा। इसके लिए नगर निगम ने इंदौर को नंबर वन बनाने में सहयोगी रही कंसल्टेंसी एजेंसी की सेवाएं लेना शुरू की है। बुधवार को सैलाना रोड स्थित श्री गुरु तेग बहादुर अकेडमी पर आयोजित जीरो वेस्ट थीम पर आधारित स्वच्छ समागम कार्यशाला में ह्यूमन मैट्रिक्स के सनप्रीतसिंह ने प्रजेंटेशन में जहां इंदौर को नंबर वन बनाने में किए गए प्रयासों योजनाओं, कार्यक्रमों की सिलसिलेवार जानकारी दी, वहीं रतलाम की ऊंची रैंकिंग में बाधक बिंदुओं की ओर ध्यान दिलाया। एजेंसी ने शहर का सर्वेक्षण कर उन कमियों को चिन्हित किया, जिनकी वजह से स्वच्छता रैंकिंग में रतलाम अभी पीछे है। मुख्य कारण डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण शत-प्रतिशत नहीं होने को बताया गया है।

कार्यशाला में विधायक चेतन्य काश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर पुरुषोत्तम के अलावा पद्मश्री डा. लीला जोशी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, कन्हैयालाल मौर्य, जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद रहे। उपस्थितजनों में रतलाम को स्वच्छता में ऊंचा स्थान दिलाने के लिए एक स्वर में संकल्प लिया।

कार्यशाला में विधायक काश्यप ने कहा कि शहर को स्वच्छता में अग्रणी बनाने के लिए सुनियोजित ढंग से कार्य करेंगे, जनभागीदारी भी खड़ी की जाएगी। स्वच्छता के लिए वार्डों में समितियां बनाई जाए। घरों, शहर की होटलों के गीले कचरे के निपटान के लिए कंपोस्टिंग का प्रशिक्षण दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि हम स्वच्छता अभियान 2022 की शुरुआत कर रहे हैं। आने वाले माह से बदलाव दिखेगा। शासन ने जिलों की भी रैंकिंग व्यवस्था शुरू की है। जिसके लिए सभी के सहयोग से कार्य किया जाएगा।

प्रारंभ में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत संबोधन देते हुए रतलाम शहर में स्वच्छता और उससे जुड़े घटकों की जानकारी देकर कार्य योजना बताई। इस दौरान एसडीएम अभिषेक गेहलोत, डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावद, नगर निगम कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, हनीफ शेख, जीके जायसवाल, गोविंद काकानी, निर्मल कटारिया, अनीता कटारिया, सीमा टांक, ललिता पंवार, निमिष व्यास, सलीम मेव, राकेश परमार, रवि जौहरी, मंगल लोढा, कृष्ण कुमार सोनी, अनिता कटारा, भगतसिंह भदोरिया, प्रहलाद पटेल आदि उपस्थित रहे।



श्री गुरु तेग बहादुर एकेडमी के खालसा सभागार में शपथ दिलाते हुए विधायक चेतन्य काश्यप। • नईदुनिया

### अब तक के सर्वे में शहर की रैंकिंग

| वर्ष | रैंक | कुल शहर |
|---|---|---|
| 2016 | 79 | |
| 2017 | 48 | 500 |
| 2018 | 72 | 4203 |
| 2019 | 62 | 6000 |
| 2020 | 49 | 4242 |
| 2021 | 162 | 4320 |

(एक से दस लाख की आबादी वाले 372 शहरों में 42)

### पद्मश्री डा. लीला जोशी सहित स्वच्छता के पांच ब्रांड एंबेसडर

शहर में स्वच्छता के पांच ब्रांड एंबेसडर भी कार्य करेंगे। इसमें ख्यात चिकित्सक पद्मश्री डा. लीला जोशी के अलावा दिव्या पाटीदार, नवोदित बैरागी, अंजू सूर्यवंशी, राजा ठाकुर शामिल है। इसी दौरान स्वच्छता मित्रों, दीदियों का भी सम्मान किया गया।

कार्यशाला में पद्मश्री डा. लीला जोशी, गोविंद काकानी, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, अंजू सूर्यवंशी, मधु शिरोडकर, सीमा टांक, प्रेम उपाध्याय, मनोहर पोरवाल, प्रभु नेका, दुर्गाशंकर खिंची आदि द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। ह्यूमन मेट्रिक्स के सदस्य अदिति अग्रवाल, अमितोजसिंह, आकाश कनौजिया शामिल रहे। कार्यशाला का संचालन उपायुक्त विकास सोलंकी ने किया। विधायक काश्यप द्वारा सभी उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

**निगम अमले को मिले 80 वाकी-टाकी :** स्वच्छता अभियान के सुचारू संचालन के लिए नगर निगम के मैदानी अमले को 80 वाकी टाकी उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यशाला में विधायक व कलेक्टर द्वारा औपचारिक रूप से निगमायुक्त को वाकी-टाकी देकर शुरुआत की गई। नई.

### हमारी ये कमियां जो बन रहीं बाधक

- **डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन :** अभी रतलाम शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन 50 से 70 प्रतिशत है जिसे शत-प्रतिशत करना है। सार्वजनिक स्थानों, सड़कों की सफाई में कमी को दूर करना है।
- **कचरा पृथक्करण :** यह सबसे महत्वपूर्ण घटक है। गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण के अलावा प्लास्टिक एवं अन्य घटकों के पृथक्करण का कार्य भी शत-प्रतिशत करना होगा।
- **जागरूकता :** रहवासियों में जागरूकता लाना भी अभियान में शामिल है। अभी मकानों के पीछे बैकलेन पर कचरा फेंकने की समस्या है, इसे दूर कर बीट प्लान बनाना होगा। अन्य आवश्यकताएं भी जताई गई, जिनमें प्रोसेसिंग सिस्टम सबसे महत्वपूर्ण है। अभी रतलाम में प्रोसेसिंग सिस्टम पर बहुत सा कार्य करना होगा।

**2022 का सर्वे इस तरह होग**

2022 स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए 75 अंक रहेंगे। इनमें सर्विस लेवल प्रो के 3000 अंक, सिटीजन वाइस 2250, सर्टिफिकेशन के 2250 रखे गए हैं। रतलाम शहर को स्वच्छ साथ-साथ वाटर प्लस में भी अंक हा करना होंगे। सीनियर सिटीजन फीड भी महत्वपूर्ण रहेगा। इसके लिए अंक होंगे। सिटीजन इंगेजमेंट के 50 सफाई मित्र सुरक्षा के लिए भी 375 होंगे। इसमें सीवर गाद निकालने के मशीन का इस्तेमाल महत्वपूर्ण है।

नईदुनिया 16/12/21

## बड़े पाइप डालने से रोड ऊंचा हो गया, छोटे पाइप डालने फिर खोदा

रतलाम | घास बाजार से सायर चबूतरा रोड मेन रोड पर खुदाई कर पानी निकासी के लिए नाले का निर्माण किया जा रहा है। 15 दिन से रोड खोद रखा है। इससे लोगों को आने जाने में दिक्कत आ रही है। यहां पाइप डालने के बाद रोड फिर चालू करना था। छोटे की जगह बड़े पाइप डाल दिए। इससे रोड ऊंचा हो गया। इस पर अब फिर खुदाई की जा रही है ताकि छोटे पाइप डाले जा सकें। यह मुख्य मार्ग है। ऐसे में रोड खोदने से फिर लोगों को 15 दिन परेशान होना पड़ेगा।



भास्कर

दै.भास्कर 16/12/21

## रात 11 बजे टूटी पाइप लाइन, 13 घंटे बाद सुधरी

रतलाम. मोरवानी फिल्टर प्लांट से रतलाम आ रही नगर निगम की मुख्य पेयजल पाइप लाइन मंगलवार रात करीब 11 बजे राजपुर गांव के करीब टूट गई। इससे शहर में पेयजल टंकियों में पानी नहीं भर पाया व बुधवार सुबह वितरण होने वाला पेयजल कार्य प्रभावित हुआ। टूटी पाइप लाइन को 13 घंटे बाद बुधवार दोपहर 12 बजे करीब सुधारा जा सका। मोरवानी से रतलाम के बीच राजपुरा गांव के करीब 600एमएम की पाइप लाइन में बड़ी टूट हो गई। रात करीब 11 बजे टूट होने के बाद अधिकारियों को इस बारे में बताया गया। रात करीब 12 बजे निगम के पेयजल विभाग के कार्यपालन यंत्री हनीफ शेख, सहायक यंत्री बीएल चौधरी, उपयंत्री सुहास पंडित आदि पहुंचे। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया तड़के करीब 4 बजे तक इस स्थान पर रुके रहे। कर्मचारियों को रात में ही घर से बुलाकर कार्य करवाया गया।

पत्रिका

पत्रिका 16/12/21

## पयजल सुविधा

रतलाम. नगर निगम को हस्तान्तरित कॉलोनियों में बल्क पेयजल कनेक्शन देने की स्वीकृति के बाद भी पेयजल सप्लाय नहीं किये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जलप्रदाय विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की एक-एक वेतनवृद्धि रोकने का आदेश देते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। कई कॉलोनियों के रहवासियों ने मुख्यमंत्री चौहान के शहर में आगमन के दौरान उनको शिकायक की। इसके बाद इस संबंध में मौके पर ही कड़ी फटकार मुख्यमंत्री ने लगाई। आयुक्त ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। पेयजल वितरण विभाग के कार्यपालनयंत्री हनीफ शेख, सहायक इंजीनियर बीएल चौधरी, उपयंत्री सुहास पंडित, केमिस्ट नीरज पंडित, पंपकुल मोतीलाल ओसारी को वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस जारी किया गया है।

पत्रिका

पत्रिका 16/12/21



# त्रिवेणी मेला की स्वीकृति कराने पर सनातन धर्म महासभा ने किया विधायक काश्यप का सम्मान

रतलाम । कोविड 19 की वजह से बंद हुए त्रिवेणी मेले की स्वीकृति कराने पर सनातन धर्म महासभा ने विधायक चेतन्य काश्यप का सम्मान कर आभार प्रकट किया। इस मौके पर श्री काश्यप को त्रिवेणी मेला ग्राउंड को संरक्षित करने के लिए ज्ञापन भी सौंपा गया।

श्री काश्यप ने इस मौके पर कहा कि धर्म के प्रति श्रद्धा एवं आस्था बढ़ाने के लिए मेलों का आयोजन सालों से परंपरागत होता आ रहा है। मेलें के माध्यम से हर व्यक्ति के मन में श्रद्धा जागती है। इसलिए मेले का आयोजन प्रासंगिक है। कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए प्रशासन भीड़ भरे आयोजन करने के पक्ष में नहीं है। लेकिन उज्जैन में भी मेले को सीमित स्वरूप में आयोजित किया गया है। इसलिए रतलाम में कोविड नियमों का पालन करते हुए मेले के आयोजन की स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि मेले के आयोजन से इससे जुड़े व्यवसायियों को रोजगार मिलेगा।

विधायक श्री काश्यप ने कहा कि समाज के विकास के लिए प्रत्येक आयामों की जरूरत होती है। सिर्फ भौतिक विकास एवं औद्योगिकीकरण ही विकास के प्रतीक नहीं होते। खेल, धर्म, संस्कृति आदि से जुड़े आयाम भी समाज में होते रहने चाहिए। कार्यक्रम को सनातन धर्म महासभा के संयोजक अशोक मौंडिया ने भी संबोधित किया।

आरंभ में महासभा के राजू केलवा ने विचार रखे। इस अवसर पर श्री काश्यप का शाल श्रीफल एवं साफे से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द काकानी ने किया, आभार राजेन्द्रसिंह गोयल ने माना। इस अवसर पर मनोज पोरवाल, मनोज शर्मा, सतीश भारतीय, बालमुकुन्द चावड़ा, मोहनलाल धर्मा, [illegible] भाटी, गोपाल शर्मा, जगदीश हरारिया, [illegible] पांचाल, भूपेन्द्र सोनी, गोपाल सोनी, [illegible] सोनी, टीकमसिंह सोलंकी, मनोहरसिंह [illegible], मुकेश खरे, राजू कल्याणे, अनिल सोनी, [illegible] गिरजे, शिवांश क्षत्री, डाडमसिंह राठौर आदि मौजूद थे। स्वतंत्र

स्वतंत्र ऐलान 16/12/21

**स्वच्छ समागम •** विधायक काश्यप और कलेक्टर पुरुषोत्तम ने दिया मार्गदर्शन

# टॉप स्वच्छ शहरों में शामिल होने की कसरत, कमियों पर बात हुई

## शहर की स्वच्छता के लिए आगे की रणनीति बनाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सफाई के मामले में देश के टॉप स्वच्छ शहरों में शामिल होने के लिए नगर निगम ने नए सिरे से कसरत शुरू कर दी है। इसके बुधवार को सैलाना रोड स्थित गुरु तेग बहादुर स्कूल में जीरो वेस्ट थीम पर आधारित स्वच्छ समागम नामक कार्यशाला हुई। विधायक चेतन्य काश्यप और कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की मौजूदगी में हुई कार्यशाला में पुराने सर्वेक्षण में पिछड़ने के पीछे की कमियों पर बात हुई। वहीं टॉप रैंक में आने के लिए आगे क्या करना है, उसकी रणनीति बनाई गई। इसके लिए नगर निगम पहले ही इंदौर को नंबर वन बनाने में सहयोगी कंसल्टेंसी एजेंसी की सेवा लेना शुरू कर दिया है। बुधवार को ह्यूमन मेट्रिक्स ने प्रेजेंटेशन देकर सारी स्थितियों पर बात की। एजेंसी के सनप्रीतसिंह ने बताया 2022 का स्वच्छ सर्वेक्षण 7500 अंक का होगा। इसमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस के 3000, सिटीजन वॉइस और सर्टिफिकेशन के 2250 अंक है। इस बार वाटर प्लस में भी अंक हासिल करना होंगे। सीनियर सिटीजन फीडबैक भी महत्वपूर्ण रहेगा। प्रारंभ में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत भाषण में कार्य योजना बताई। विधायक काश्यप ने सभी उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा, अशोक पोरवाल, कन्हैयालाल मोर्य, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावद, उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, हनीफ शेख, जीके जायसवाल, प्रदीप उपाध्याय, मनोहर पोरवाल, प्रेम उपाध्याय, भगतसिंह भदौरिया, प्रहलाद पटेल, निर्मल कटारिया, मंगल लोढा, अनीता कटारिया, प्रेम उपाध्याय, दुर्गाशंकर खिंची सहित नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। भास्कर

### गुरु तेग बहादुर स्कूल में कार्यशाला का किया शुभारंभ



कार्यशाला में पदमश्री डॉ. लीला जोशी को ब्रांड एंबेसेडर का प्रमाण-पत्र देते विधायक काश्यप व कलेक्टर पुरुषोत्तम।

### स्वच्छता के पांच ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त

स्वच्छता के पांच ब्रांड एंबेसेडर भी बनाए गए। इनमें पद्मश्री डॉ. लीला जोशी, दिव्या पाटीदार, नवोदित बैरागी, अंजू सूर्यवंशी, राजा ठाकुर शामिल हैं। वहीं विधायक काश्यप व कलेक्टर कुमार ने निगम के मैदानी अमले के अधिकारियों को 80 वॉकी टॉकी प्रदान कर सेवा की शुरुआत की।

**विधायक : हम भी पीछे नहीं रहेंगे-** विधायक काश्यप ने कहा कार्ययोजना को जरूरी बताकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। साथ ही कहा कि इंदौर स्वच्छता में देश में नंबर वन है तो हम पीछे नहीं रहेंगे।

**कलेक्टर : नजर आएगा बदलाव-** कार्यशाला में कलेक्टर और प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने कहा सफाई व्यवस्था में बदलाव नजर आएगा। स्वच्छता अभियान 2022 की शुरुआत कर रहे हैं।

दै. भास्कर 16/12/21

# श्वानों के बधियाकरण के लिए निगरानी समिति गठित

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

शहर में आवारा श्वानों के बधियाकरण कार्य को सुचारू रूप से करने व कार्य में पशु क्रूरता नियम 1960 की पालना को सुनिश्चित करने के लिये भारत सरकार द्वारा आदेशानुसार एनिमल बर्थ कन्ट्रोल (डॉग्स) रूल 2001 सब सेक्ष (1) सेक्शन 38 पी.सी.ए. 1960 (59 ऑफ 1960) डॉग्स रूल के अन्तर्गत निगरानी समिति का गठन किया गया।

गठित निगरानी समिति में आयुक्त नगर पालिक निगम, रतलाम अध्यक्ष, उप संचालक पशु पालन विभाग सदस्य, जी.के.जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर पालिक निगम रतलाम सदस्य, पद्मश्री डॉ.लीला जोशी (चिकित्सक एवं समाजसेविका), श्रीमती आशा पति ईश्वरलाल गुप्ता (एनिमल एक्टिविस्ट), वेदप्रकाश पिता रणवीर सिंह (एनिमल एक्टिविस्ट), सुश्री पल्लवी-लक्ष्मीनारायण टांक सोश्यल वर्कर, प्रकाश-राजमल लोढ़ा सोश्यल वर्कर, अमृत-सागरमल मूणत सोश्यल वर्कर, श्रीमती आपरा पति पुष्पेन्द्र खण्डेलवाल सोश्यल वर्कर, सुश्री शिल्पा पिता विजय कुमार जोशी सोश्यल वर्कर को नियुक्त किया गया है।

गठित समिति द्वारा नोटिफिकेशन न्यु दिल्ली दिनांक 24.12.2001 से जारी सर्क्युलर में उल्लेखित बिन्दु क्रमांक 05 में उल्लेखित कार्य करेगी तथा किये गये कार्य से समय-समय पर आयुक्त नगर पालिक निगम, रतलाम को अवगत करायेगी। २१५

राज एक्सप्रेस 16/12/21

# वॉकी-टॉकी से लैस हुए नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी

रतलाम। नगर निगम के कार्यों को ओर अधिक गति दिये जाने के उद्देष्य से नगर निगम द्वारा एस टेली कम्पनी के क्रय किये गये 80 वॉयर लैस वॉकी-टॉकी को चलाने का प्रशिक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को दिया गया।

निगम आयुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा 80 वॉयरलैस वॉकी-टॉकी क्रय किये गये जिससे अधिकारी/कर्मचारियों से एक ही समय में बात की जा सकती है। क्रय किये गये वॉयरलैस वॉकी-टॉकी पुरे भारत में संचालित हो सकेगा व कहीं से भी बात कर सकेगा जिससे निगम के कार्यों को ओर अधिक गति मिलेगी।



राज एक्सप्रेस 16/12/21

# 80 अधिकारी/कर्मचारी होंगे वायरलैस वॉकी-टॉकी से लैस

रतलाम। नगर निगम के कार्यो को ओर अधिक गति दिये जाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा एस टेली कम्पनी के क्रय किये गये 80 वॉयर लैस वॉकी-टॉकी को चलाने का प्रशिक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को दिया गया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा 80 वॉयरलैस वॉकी-टॉकी क्रय किये गये जिससे अधिकारी/कर्मचारियों से एक ही समय में बात की जा सकती है। क्रय किये गये वॉयरलैस वॉकी-टॉकी पुरे भारत में संचालित हो सकेगा व कहीं से भी बात कर सकेगा जिससे निगम के कार्यों को ओर अधिक गति मिलेगी।



## खुले में गंदगी करने पर 20 व्यक्तियों पर जुर्माना

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 14 दिसम्बर को 20 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर प्रकाश, नियाज खान, पंकज मीणा, अर्जुन यादव घांस बाजार, मंगलेश, कालू सिंह बाजना बस स्टैण्ड, गोर्वधन, शांतिलाल, सोहनलाल पर 100-100, मुकेश, छेदीसिंह, अरूण, धन्नालाल, अनिल राठौड़, रमेश गौशाला रोड, राजू, रामलाल, प्रदीप, संतोष बाजना बस स्टैण्ड, संदीप सागोद रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविश्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 37 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 16/12/21

# चौराहे पर डिवाइडर और रोशनी

**रतलाम, नप्र।** महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहा तक रोड डिवाइडर और दोबत्ती से न्यूरोड होते हुए शहर सराय चौराहे तक रोड डिवाइडर के साथ बीच में बिजली की रोशनी का इंतजाम किया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इसके लिए निगमन इंजीनियरों के साथ मौके पर पहुंचकर जगह देखकर जायजा लिया। अपनी मौजूदगी में ही उन्होंने महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहे तक व दो बत्ती से न्यू रोड होते हुए शहरसराय चौराहे तक सेन्टर लाईटिंग के साथ रोड डिवाईडर बनाए जाने के लिए जायजा लेकर सड़क के सेंटर की नपती करवाई। हजीरा पुलिया से ऑफीसर कॉलोनी मोड़ तक सड़क बनाए जाने के लिए वे मौके पर पहुंचे। निगम आयुक्त झारिया ने निगम इंजीनियरों को एस्टीमेट जल्द ही तैयार करने को कहा। निरीक्षण में कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री अनवर कुरैशी, उपयंत्री मनीष तिवारी मौजूद रहे।



## नगर निगम में वॉकी-टॉकी

**रतलाम, नप्र।** रतलाम नगर निगम को नित नई-नई आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। हाल ही में नगर निगम ने 80 वायरलैस वॉकी-टॉकी उपकरण खरीदे हैं जो अधिकारियों को दिए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि निगम के कामों में गति लाए जाने के मकसद से एस. टेली कंपनी से 80 वॉयर लैस वॉकी-टॉकी उपकरण खरीदे हैं। इससे एक ही समय में सभी से बात की जा सकती है। बताया कि वॉयरलैस वॉकी-टॉकी पूरे भारत में संचालित हो सकेगा और कहीं से भी बात की जा सकेगी जिससे निगम के कामों को और अधिक गति मिलेगी। कंपनी ने कल अधिकारियों और कर्मचारियों को वॉकी-टॉकी चलाना सिखाया। प्र.कि. 15

प्रभात किरण 15/12/21

## निगरानी समिति का गठित

रतलाम। आवारा श्वानों के बधियाकरण कार्य को सुचारू रूप से करने व कार्य में पशु क्रूरता नियम 1960 की पालना को सुनिश्चित करने के लिये भारत सरकार द्वारा आदेशनुसार एनिमल बर्थ कन्ट्रोल (डॉग्स) रूल 2001 सब सेक्ष (1) सेक्षन 38 पी.सी.ए. 1960 (59 ऑफ 1960) डॉग्स रूल के अन्तर्गत निगरानी समिति का गठन किया गया। समिति में आयुक्त नगर पालिक निगम अध्यक्ष, उप संचालक पशु पालन विभाग सदस्य, जीके जायसवाल स्वास्थ्य अधिकारी ननि सदस्य, पद्मश्री डॉ. लीला जोशी चिकित्सक, समाजसेविका, आशा पति ईश्वरलाल गुप्ता एनिमल एक्टिविस्ट, वेदप्रकाश सिंह एनिमल एक्टिविस्ट, पल्लवी टांक सोश्यल वर्कर, प्रकाश लोढ़ा, अमृत मूणत, आपरा खण्डेलवाल, शिल्पा जोशी को नियुक्त किया गया है। नवभारत

नवभारत 16/12/21

# कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

जिले में कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए तथा वर्तमान स्थिति के मद्देनजर संक्रमण की रोकथाम हेतु कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए रतलाम जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार कोविड पाजिटिव प्रकरणों की संभावित वृद्धि के नियंत्रण हेतु टेस्ट-ट्रेक-ट्रीट के टीकाकरण में गति एवं कोविड अनुकूल व्यवहारों का पालन करना अनिवार्य होगा। भीड भाड को नियंत्रित करते हुए मास्किंग, सामूहिक दूरी एवं कोविड अनुकूल व्यवहारों, खांसते, छींकते समय नाक व मुख को ढंकने संबंधी अनुशासन का पालन अनिवार्य होगा। कोविड के संभावित लक्षण वाले रोगियों की अनिवार्यतः आरटीपीसीआर, आरएटी पद्धति से जांच की जाएगी। पर्याप्त जांच सुविधाएं ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध रहे तथा जिले में हाट स्पाट्स का चिन्हांकन कर ऐसे क्षेत्रों में अधिकाधिक सैम्पल संग्रहण किए जाए। पाजीटिव प्रकरणों मे हाई रिस्क एवं अधिक से अधिक अन्य कांटेक्ट्स को सूचीबद्ध कर उनकी ट्रैकिंग एवं टेस्टिंग कर निगरानी में रखा जाए।

## शादियों में आरटीपीसीआर टेस्टिंग के बाद अब जनसुनवाई में पहुंचने वाले लोगों का भी टेस्ट



ओमीक्रोन वेरिएंट को लेकर बरती जा रही सतर्कता के चलते जिले में स्वास्थ विभाग की टीम आज अलर्ट मोड पर दिखाई दे रही है। कलेक्टर के निर्देशों के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें जिले के प्रमुख एंट्री एग्जिट मार्गो पर रैंडम आरटीपीसीआर टेस्टिंग के साथ ही कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे लोगों के भी आरटीपीसीआर टेस्ट कर रही है। कलेक्ट्रेट में पहुंचे 50 से अधिक आवेदको के सैंपल जांच के लिए लिए गए है। गौरतलब है कि टीएल बैठक में टेस्टिंग बढ़ाने को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे। जिसमें शादी समारोह में भी आरटी पीसीआर टेस्टिंग किए जाने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद आप स्वास्थ विभाग की टीमें अलग-अलग स्थानों पर रैंडम टेस्टिंग कर रही है।

दरअसल देश में ओमीक्रोन वैरीअंट की एंट्री और प्रदेश के इंदौर और भोपाल जैसे शहरों में कोरोना के मामले बढ़ने पर प्रशासन द्वारा सतर्कता बरती जा रही है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा स्वास्थ विभाग को टेस्टिंग बढ़ाए जाने के निर्देश दिए जाने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचने वाले आगंतुकों के सैंपल ले जा रहे है। आने वाले दिनों में पंचायत चुनाव के नामनिर्देशन के लिए पहुंचने वाले लोगों के भी सैंपल लिए जाएंगे। कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को ही जनसुनवाई में करीब 50 से अधिक आवेदक अपनी समस्या लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे जिनका रैंड[म] आरटीपीसीआर टेस्ट करवाया गया है ।

बहरहाल रतलाम जिले में वर्तमान [में] कोरोना का एक भी पॉजिटिव मरीज नहीं है लेकिन वर्तमान में जारी शादियों और अन[्य] कार्यक्रमों में प्रदेश के बाहर से भी लोगों क[ा] आगमन हो रहा है जिसके चलते कोरोना क[ी] टेस्टिंग बढ़ाए जाने के निर्देश स्वास्थ विभा[ग] को दिए गए है।

### कोविड-19 प्रकरणों के लिए उपचार व्यवस्थाएं

जिले में कोविड प्रकरणों की स्थिति पर कडी निगरानी रखते हुए आवश्यक स्वास्थ्य संसाधन एवं समुचित व्यवस्था की जाए पर्याप्त आक्सीजन सिलेण्डर तथा क्रियाशील आक्सीजन कंसन्ट्रेटर की उपलब्धता ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के स्वास्थ्य संस्थाओं में रहे। समस्त शासकीय डेडिकेटेड कोविड हेल्थ सेन्टर तथा चिकत्सा महाविद्यालयीन डेडिकेटेड कोविड अस्पतालों में कोविड उपचार हेतु आवश्यक दवाईयों, सामग्री व उपकरणों की उपलब्धता अनिवार्य की जाए। बच्चों में कोविड-19 के प्रबंधन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं (औषधि, सामग्री एवं उपकरण) सुनिश्चित किया जाए। आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

### कोविड-19 पाजीटिव प्रकरणों का प्रबंधन

कोरोना वैरिएंट की संभावना एवं तृतीय संभावित लहर के त्वरित नियंत्रण हेतु नीतिगत निर्णय अनुसार अब समस्त लक्षणयुक्त कोविड पाजीटिव प्रकरणों के लक्षण के आधार पर अस्पताल में कोविड आइसोलेशन वार्ड, काफिक आईसीयू वार्ड अथवा कोविड हाई डिपेंडेंस वार्ड में भर्ती किया जाए। केवल लक्षण रहित पाजीटिव ऐसे व्यक्ति जिनके पास पृथक हवादार एवं शौचालययुक्त कक्ष की उचित व्यवस्था हो, को चिकित्सक द्वारा पूर्ण चिकित्सकीय आंकलन उपरांत होम आइसोलेशन की अनुमति दी जा सकती है, परन्तु ऐसे व्यक्तियों का निरन्तर अनुसरण जिला स्तरीय दल द्वारा वीडियो कालिंग के माध्यम से की जाए। भारत सरका[र] द्वारा कोरोना संक्रमण के आधार पर चिन्हांकित यूरोप, यूनाईटेड किंगडम, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजिल, बोत्सवाना, न्यूजीलेण्ड, जिम्बाब्वे, सिंगापुर, हांगकांग, इसराइल, चीन, मारीशस से आने वाले समस्त अन्तरराष्ट्रीय यात्रियों की आरटीपीसीआर रिपोर्ट नेगेटिव आने पर यात्रियों को महत्वपूर्ण अनिवार्यतः 7 दिवस हेतु होम क्वारंटाईन किया जाए एवं 8 वें दिवस पर पुनः आरटीपीसीआर द्वारा जांच की जाए। पाजीटिव पाए गए अन्तरराष्ट्रीय यात्रियों के सेम्पल संग्रहण करते हुए उन्हें पृथक से संस्थागत आइसोलेशन में रखा जाएगा। वैरिएंट की प्रभावी निगरानी हेतु नियमित तौर पर भी सेम्पल संग्रहित कर निर्धारित प्रयोगशालाओं में प्रेषित की जाए। यदि व्यक्ति ओमिक्रोन वैरिएंट पाजीटिव पाया जाता है तो ऐसे रोगी की कडी संस्थागत आइसोलेशन में रखने का उचित प्रबंध किया जाए एवं मानक ट्रीटमेंट प्रोटोकाल का पालन तब तक सुनिश्चित किया जाए, जब तक रोगी की आरटीपीसीआर जांच निगेटिव नहीं हो जाती। यदि किसी व्यक्ति में ओमिक्रोन वैरिएंट निगेटिव पाया जाता है तो चिकित्सकीय परामर्श अनुरूप व्यक्ति को डिस्चार्ज किया जा सकता है।

सिंघम • 15

सिंघम 15/12/21

# त्रिवेणी मेला की स्वीकृति कराने पर सनातन धर्म महासभा ने किया विधायक काश्यप का सम्मान

प्रसारण न्यूज़ ◆ रतलाम



कोविड 19 की वजह से बंद हुए त्रिवेणी मेले की स्वीकृति कराने पर सनातन धर्म महासभा ने विधायक चेतन्य काश्यप का सम्मान कर आभार प्रकट किया। इस मौके पर श्री काश्यप को त्रिवेणी मेला ग्राउंड को संरक्षित करने के लिए ज्ञापन भी सौंपा गया।

श्री काश्यप ने इस मौके पर कहा कि धर्म के प्रति श्रद्धा एवं आस्था बढ़ाने के लिए मेलों का आयोजन सालों से परंपरागत होता आ रहा है। मेले के माध्यम से हर व्यक्ति के मन में श्रद्धा जागती है। इसलिए मेले का आयोजन प्रासंगिक है। कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए प्रशासन भीड़ भरे आयोजन करने के पक्ष में नहीं है। लेकिन उज्जैन में भी मेले को सीमित स्वरूप में आयोजित किया गया है। इसलिए रतलाम में कोविड नियमों का पालन करते हुए मेले के आयोजन की स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि मेले के आयोजन से इससे जुड़े व्यवसायियों को रोजगार मिलेगा।

विधायक श्री काश्यप ने कहा कि समाज के विकास के लिए प्रत्येक आयामों की जरूरत होती है। सिर्फ भौतिक विकास एवं औद्योगिकीकरण ही विकास के प्रतीक नहीं होते। खेल, धर्म, संस्कृति आदि से जुड़े आयाम भी समाज में होते रहने चाहिए। कार्यक्रम को सनातन धर्म महासभा के संयोजक अशोक मीडिया ने भी संबोधित किया। आरंभ में महासभा के राजू केलवा ने विचार रखे। इस अवसर पर श्री काश्यप का शाल श्रीफल एवं साफे से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द काकानी ने किया आभार राजेन्द्रसिंह गोयल ने माना। इस अवसर पर मनोहर पोरवाल, मनोज शर्मा, सतीश भारतीय, बालमुकुन्द चावड़ा, मोहनलाल धबाई, कमल भाटी, गोपाल शर्मा, जगदीश हरारिया, रमेशचन्द्र पांचाल, भूपेन्द्र सोनी, गोपाल सोनी, नन्दकिशोर सोनी, टीकमसिंह सोलंकी, मनोहरसिंह चौहान, मुकेश खरे, राजू कल्याणे, अनिल सोनी, पुनीत गिरजे, शिवांश क्षत्री, डाडमसिंह राठौर आदि मौजूद थे।

प्रसारण

प्रसारण 16/12/21

## गंदगी करने पर जुर्माना

रतलाम, नप्र। खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करने पर जुर्माना किया जा रहा है। निगम ने कल ऐसे बीस लोगों को पकड़ा जो इधर-इधर कचरा फेंककर नगर को गंदा कर रहे थे। जुर्माना वसूलने वाली नगर निगम की टीम ने कल 20 लोगों पर 100 और पचास रुपए का जुर्माना कर आगे से गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा मास्क नहीं लगाकर घूम रहे 37 लोगों को पकड़ा। इन पर भी सौ-सौ रुपए का जुर्माना किया। प्र.कि. 15

## सौ फीसद वैक्सीनेशन के पास

रतलाम, नप्र। कोविड-19 टीकाकरण में रतलाम जिला नजदीक आ चुका है। दूसरे टीके के लिए जिले में अब केवल चालीस हजार लोग बचे है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि कल 16 दिसंबर को महाअभियान होगा जिसमें खासतौर पर दूसरा लगाने से चूके लोगों को टीका लगाया जाएगा, इसके लिए माइक्रो प्लानिंग की जा रही है। रतलाम शहर में दोनों टीके शत प्रतिशत लगाए जाकर शहर को पूरी तरह से टीकाकरण किया जा चुका है।

प्रभात किरण 15/12/21

## खुले में गंदगी करने पर किया जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार [illegible]गर में ऐसे दुकानदार व नागरिक [illegible]ो कि खुले में कचरा डालकर [illegible] को गंदा करते हैं, मलबा [illegible]लकर अतिक्रमण करते है उन पर [illegible]गाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाइन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 14 दिसम्बर को 20 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

अवन्तिका 16/12/21

## खुले में गंदगी करने पर 20 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 14 दिसम्बर को 20 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर प्रकाश, नियाज खान, पंकज मीणा, अर्जुन यादव घास बाजार, मंगलेश, कालू सिंह बाजना बस स्टैण्ड, गोर्वधन, शांतिलाल, सोहनलाल पर 100-100, मुकेश, छेदीसिंह, अरुण, धन्नालाल, अनिल राठौड़, रमेश गौशाला रोड, राजू, रामलाल, प्रदीप, संतोष बाजना बस स्टैण्ड, संदीप सागोद रोड पर 50-50 रुपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

प्रसारण 16/12/21

स्वच्छता के लिए संपन्न कार्यशाला से नया जोश जागा

# इंदौर को जिसने सफाई में देश में नंबर एक बनाया, अब वो कंपनी करेगी हमारे शहर के लिए काम

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** देश के टॉप स्वच्छ शहरों में रतलाम को सम्मिलित करने के लिए विधायक चैतन्य काश्यप तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा बीड़ा उठाया गया है। शहर में अब स्वच्छता कार्य गति पकड़ेगा। इंदौर को नंबर वन बनाने में सहयोगी रही कंसलटेंसी एजेंसी की सेवाएं शहर के लिए ली जा रही हैं। बुधवार को आयोजित कार्यशाला में एजेंसी ह्यूमन मेट्रिक्स द्वारा शहर के लिए प्रेजेंटेशन दिया गया। इस दौरान पदमश्री पुरस्कार प्राप्त डॉ. लीला जोशी सहित पांच ब्रांड एम्बेसेडर भी मनोनीत किए गए।

सैलाना रोड स्थित निजी स्कूल में आयोजित जीरो वेस्ट थीम पर आधारित स्वच्छ समागम कार्यशाला में ह्यूमन मैट्रिक्स के सनप्रीतसिंह ने प्रेजेंटेशन में जहां इंदौर को नंबर वन बनाने में किए गए प्रयासों योजनाओं, आयोजन की सिलसिलेवार जानकारी दी, वही रतलाम को ऊंची रैंकिंग दिलाने में बाधक बिंदुओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। विधायक चेतन्य काश्यप ने उद्बोधन में शहर के लिए नियोजित कार्य योजना को जरूरी बताया।






### 2022 में इन नंबर पर होगा चयन

ह्यूमन मेट्रिक्स के सिंह ने अपने प्रेजेंटेशन में बताया कि 2022 स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए 7500 अंक रहेंगे, इनमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए 3000 अंक होंगे। सिटीजन वॉइस के लिए 2250 अंक रहेंगे। सर्टिफिकेशन के लिए भी 2250 अंक रखे गए हैं। शहर को स्वच्छता के साथ-साथ वाटर प्लस में भी अंक हासिल करना होंगे। सीनियर सिटीजन फीडबैक भी महत्वपूर्ण रहेगा। इसके लिए 400 अंक होंगे, सिटीजन इंगेजमेंट के 500 अंक रखे गए हैं। सफाई मित्र सुरक्षा के लिए भी 375 अंक होंगे। इसमें सीवर गाद निकालने के लिए मशीन का इस्तेमाल महत्वपूर्ण है। इस दौरान उन कमी को बताया जिनकी वजह से शहर स्वच्छता में नंबर एक पर नहीं आ पाता है। कार्यशाला में विधायक काश्यप ने उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

### 5 ब्रांड एंबेसडर नियुक्त

शहर को अग्रणी बनाने के लिए स्वच्छता के पांच ब्रांड एंबेसडर्र भी कार्य करेंगे। शहर की ख्यात चिकित्सक पद्मश्री डॉ. लीला जोशी के अलावा दिव्या पाटीदार, नवोदित बैरागी, अंजू सूर्यवंशी, राजा ठाकुर को स्वच्छता का ब्रांड एंबेसडर शहर के लिए नियुक्त किया गया है। कार्यशाला में डॉ. लीला जोशी को ब्रांड एंबेसडर नियुक्ति का औपचारिक पत्र भी प्रदान किया गया।

### मिले 80 वॉकी-टॉकी

शहर में स्वच्छता अभियान के सुचारू ढंग से संचालन के लिए नगर निगम के मैदानी अमले को 80 वॉकी टॉकी उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यशाला में विधायक काश्यप, कलेक्टर कुमार द्वारा औपचारिक रूप से निगमायुक्त झारिया को वॉकी-टॉकी दिए।

पत्रिका

पत्रिका 16/12/21

# निगम के अधिकारी-कर्मचारी होंगे वायरलैस से लैस

रतलाम। अब नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निगम वायरलैस प्रदान करेगा। इसके लिए नगर निगम ने 80 वॉयर लैस खरीदे गए हैं।

नगर निगम के कार्यों को ओर अधिक गति दिये जाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा एस टेली कम्पनी के क्रय किये गये 80 वॉयर लैस वॉकी-टॉकी को चलाने का प्रशिक्षण निगमायुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को दिया गया। निगम आयुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा 80 वॉयरलैस वॉकी-टॉकी क्रय किये गये। जिससे अधिकारी, कर्मचारियों से एक ही समय में बात की जा सकती है। क्रय किये गये वॉयरलैस वॉकी-टॉकी पुरे भारत में संचालित हो सकेगा व कहीं से भी बात कर सकेगा ,जिससे निगम के कार्यों को ओर अधिक गति मिलेगी।

नवभारत

नवभारत 16/12/21

## 80 अधिकारी/कर्मचारी होंगे वायरलैस वॉकी-टॉकी से लैस

रतलाम। नगर निगम के कार्यों को ओर अधिक गति दिये जाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा एस टेली कम्पनी के क्रय किये गये 80 वॉयर लैस वॉकी-टॉकी को चलाने का प्रशिक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को दिया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा 80 वॉयरलैस वॉकी-टॉकी क्रय किये गये जिससे अधिकारी/कर्मचारियों से एक ही समय में बात की जा सकती है। क्रय किये गये वॉयरलैस वॉकी-टॉकी पुरे भारत में संचालित हो सकेगा व कहीं से भी बात कर सकेगा जिससे निगम के कार्यों को ओर अधिक गति मिलेगी।

अवन्तिका

अवन्तिका 16/12/21

नवभारत

## सेन्टर लाईटिंग के साथ बनेगा रोड डिवाईडर

रतलाम। महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहे तक व दो बत्ती से न्यू रोड होते हुए शहर सराय चौराहे तक सेन्टर लाईटिंग के साथ रोड डिवाईडर व हजीरा पुलिया से ऑफिसर कालोनी मोड़ तक सड़क निर्माण हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम इंजीनियरों के साथ स्थलों का निरीक्षण किया। निगमायुक्त ने महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहे तक व दो बत्ती से न्यू रोड होते हुए शहर सराय चौराहे तक सेन्टर लाईटिंग के साथ रोड डिवाईडर निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण कर सड़क के सेन्टर हेतु नपती करवाई। इसी तरह नगर निगम स्वामित्व की हजीरा पुलिया से ऑफिसर कालोनी मोड़ तक सड़क के निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया। श्री झारिया ने उक्त कार्यों को करवाये जाने हेतु निगम इंजीनियरों को एस्टीमेंट शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री अनवर कुरेशी, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे।

नवभारत 16/12/21

# दिलबहार चौराहे, दो बत्ती से शहर सराय तक सेंटर लाइटिंग होगी

प्रसारण न्यूज • रतलाम

विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप व कलेक्टर तथा निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहे तक व दो बत्ती से न्यू रोड होते हुए षहर सराय चौराहे तक सेन्टर लाईटिंग के साथ रोड डिवाईडर व हजीरा पुलिया से ऑफिसर कॉलोनी मोड़ तक सड़क निर्माण हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम इंजीनियरों के साथ स्थलों का निरीक्षण किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहे तक व दो बत्ती से न्यू रोड़ होते हुए शहर सराय चौराहे तक सेन्टर लाईटिंग के साथ रोड डिवाईडर निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण कर सड़क के सेन्टर हेतु नपती करवाई। इसी तरह नगर निगम स्वामित्व की हजीरा पुलिया से ऑफिसर कॉलोनी मोड़ तक सड़क के निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने उक्त कार्यों को करवाये जाने हेतु निगम इंजीनियरों को एस्टीमेंट शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री अनवर कुरैशी, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे।



## 80 अधिकारी/कर्मचारी होंगे वायरलैस वॉकी-टॉकी से लैस



नगर निगम के कार्यों को और अधिक गति दिए जाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा एस टेली कम्पनी के क्रय किए गए 80 वॉयर लैस वॉकी-टॉकी को चलाने का प्रशिक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति मे निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को दिया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा 80 वॉयरलेस वॉकी-टॉकी क्रय किए गए, जिससे अधिकारी/कर्मचारियों से एक ही समय मे बात की जा सकती है। क्रय किए गए वॉयरलैस वॉकी-टॉकी पूरे भारत में संचालित हो सकेगा व कही से भी बात कर सकेगा, जिससे निगम के कार्यों को और अधिक गति मिलेगी।

प्रसारण

स्वच्छता कर्मचारियों की मांग को लेकर कलेक्टर को लिखा पत्र

# संपूर्ण सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जाए

रतलाम ■ राज़ न्यूज नेटवर्क

जिले के नगरीय विकास विभाग में कार्यरत स्वास्थ्य व प्रकाश विभाग के कर्मचारीयों, मध्य प्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के स्वच्छता कर्मियों को संपूर्ण सुरक्षा के साधन सुरक्षा किट उपलब्ध करवाए जाएं।

उक्त मांग करते हुए मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के संयुक्त सचिव रतलाम इंजीनियरिंग कामगार संघ के अध्यक्ष वजिला इंटक काउंसिल, रतलाम पूर्व अध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को पत्र में कहा कि अत्यंत दुख एवं आश्चर्य हो रहा है कि जिले में विभिन्न विभागों के तहत् स्वास्थ्य - स्वच्छता व बिजली के कार्य में लगे कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए विपरीत परिस्थितियों में यहां तक कि अपनी जान को जोखिम में डालकर भी अपने कार्य-दायित्वो को पूर्ण कर रहे हैं।

उपरोक्त से सम्बध्द यह शिकायत है कि जिले के नगरीय विकास विभाग , ऊर्जा विभाग तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी लापरवाही कर उनके विभाग में कार्यरत कर्मियों को कार्य अनुसार पर्याप्त सुरक्षा के साधन उपलब्ध नहीं करा रहे है, जिसके कारण पूर्व में भी रतलाम के इन विभागो में कई कर्मियों को संक्रमण तथा गंभीर बीमारियों से जूझना पडा है। यहां तक कि अंग भंग तथा अपनी जान भी गंवानी पड़ी है। जिसकी पुनरावृत्ति निरंतर जारी है।

पत्र में अनुरोध किया गया कि विभिन्न विभाग जैसे नगरीय विकास विभाग के अंतर्गत नगर पालिक निगम, रतलाम एवं जिले की नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सफाई कर्मी एवं प्रकाश विभाग के कर्मचारियों को, ऊर्जा विभाग के तकनीकी कर्मचारियों जैसे लाइनमैन आदि जोखिम भरे कार्य में संलग्न कर्मियों को तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में कार्यरत सफाई कर्मियों को,कार्यों के लिए निर्धारित सुरक्षा के संपूर्ण साधन सुरक्षा - किट (कार्य के अनुरूप ऑक्सीजन भी) उपलब्ध करवाए जाएं। जिससे कर्मियों को संक्रमण, बिमारियो, गंभीर दुर्घटनाओ तथा जान-जोखिम से बचाया जा सके। कार्य अनुरूप कर्मचारियों को सुरक्षा साधन उपलब्ध करवाने के लिए मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन, संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव, श्रम आयुक्त, इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर संजीवा रेड्डी, राष्ट्रीय महासचिव संजय सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष आर.डी.त्रिपाठी को भी अवगत कराया है।

राज एक्सप्रेस 16/12/21

# सेन्टर लाइटिंग के साथ बनेगा डिवाइडर

## निगम आयुक्त द्वारा स्थलों का निरीक्षण

रतलाम ● स्वदेश समाचार

महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहे तक व दो बत्ती से न्यू रोड होते हुए शहर सराय चौराहे तक सेन्टर लाइटिंग के साथ रोड डिवाइडर व हजीरा पुलिया से ऑफिसर कॉलोनी मोड़ तक सड़क निर्माण हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम इंजीनियरों के साथ स्थलों का निरीक्षण किया। इसी तरह निगम आयुक्त ने नगर निगम स्वामित्व की हजीरा पुलिया से ऑफिसर कॉलोनी मोड़ तक सड़क के निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया तथा उक्त कार्यों को करवाए जाने हेतु निगम इंजीनियरों को इस्टीमेंट शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री अनवर कुरैशी, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे। स्वदेश



### 80 अधिकारी, कर्मचारी होंगे वॉकी-टॉकी से लैस

नगर निगम के कार्यों को ओर अधिक गति दिए जाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा एस टेली कम्पनी के क्रय किए गए 80 वायरलेस वॉकी-टॉकी को चलाने का प्रशिक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में निगम के अधिकारी, कर्मचारियों को दिया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा 80 वायरलेस वॉकी-टॉकी क्रय किए गए जिससे अधिकारी, कर्मचारियों से एक ही समय में बात की जा सकती है। क्रय किए गए वॉकी-टॉकी पूरे भारत में संचालित हो सकेगा व कहीं से भी बात कर सकेगा जिससे निगम के कार्यों को ओर अधिक गति मिलेगी।

स्वदेश 18/12/21

**हेराफेरी** • गुजराती ठेकेदार फर्म एनपी पटेल एंड कंपनी को फायदा पहुंचाने निगम ने दो बार बदली नाला निर्माण योजना

# नालों को पक्का करने में अफसर कमजोर जो 2019 में बनना थे वे 2021 में भी नहीं बने

## ठेकेदार पर कार्रवाई तो दूर एक बार भी नहीं लगाई पेनाल्टी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बरसाती नालों को पक्का बनाने में चल रही हेराफेरी की रिपोर्ट भोपाल तक पहुंच गई है। कार्रवाई संभव है। दरअसल सारा खेल गुजराती ठेकेदार एनपी पटेल एंड कंपनी, मॉनिटरिंग कंपनी वाप्कोस और नगर नगर की सांठगांठ से चल रहा है। अमृत मिशन में जुलाई 2018 में कंपनी ने शहर के तीन प्रमुख नालों को पक्का बनाने की शुरुआत की थी। समय सीमा जुलाई 2019 में खत्म हो चुकी है। एक भी नाला पूरा नहीं बना है। ठेकेदार कंपनी को फायदा पहुंचाने पहली बार डीपीआर रिवाइस करते हुए तीन में से एक आबकारी से मराठों का वास तक के 550 मीटर लंबे नाले को प्रोजेक्ट से बाहर कर दिया। फिर से डीपीआर रिवाइज करके गोमदड़े पुलिया से उकाला गणपति और सुभाष नगर से अमृत सागर तालाब तक के नाले की लंबाई 1030 मीटर घटा दी। ये हेरफेर यहीं नहीं रुकी दो साल की लेटलतीफी पर पैनाल्टी और भुगतान रोकने की कार्रवाई के बजाए नगर निगम प्रोजेक्ट लागत 12 करोड़ में से ठेकेदार कंपनी को 9 करोड़ का भुगतान कर चुका है। शिकायतें पहुंचने के बाद अब सरकार गुप्त जांच शुरू की है।

### शिकायतः एक नाले को प्रोजेक्ट से निकाला, बाकी दो की लंबाई एक किलोमीटर घटा चुके हैं



बोहरा बाखल से अमृतसागर तालाब तरफ एक दीवार बनाकर छोड़ दी है।



गोशाला रोड पर काम शुरू किया था, अभी वह भी बंद है।

### ये है प्रोजेक्ट की जमीनी हकीकत

**पहला नाला** - गोमदड़े की पुलिया से उंकाला गणपति तक
**शुरुआती मंजूरी- लंबाई** - 2600 मीटर
**अब कितना बनेगा** - 2300 मीटर
**लंबाई घटाई** - 300 मीटर
**बन पाया** - 1600 मीटर

**दूसरा नाला** - सुभाष नगर से अमृतसागर तालाब तक
**शुरुआती मंजूरी - लंबाई** - 1400 मीटर
**अब कितना बनेगा** - 670 मीटर
**लंबाई घटाई** - 730 मीटर
**बन पाया** - 370 मीटर

**तीसरा नाला** - आबकारी चौराहा से मराठों का वास
**मंजूरी लंबाई** - 550 मीटर
**स्थिति** - प्रोजेक्ट से बाहर
**इसलिए हटाया** - नाला बीच-बीच में कुछ जगह पक्का
**निगम का तर्क** - 7 से 8 लाख में ठीक कर सकते हैं।

### तिकड़म : ठेकेदार कंपनी ड्राइंग से ज्यादा ऊंची बना रही दीवारें

बार-बार होने वाले बदलावों से चूंकी लागत भी कम हो जाएगी, ऐसे में पूरी प्रोजेक्ट वसूलने के लिए ठेकेदार कंपनी ने इंजीनियरों के साथ मिलकर नई तिकड़म लगाई है। अभी जो काम चल रहा है, उसमें नालों की दीवारें मंजूर ड्राइंग के विपरीत ज्यादा ऊंचाई की बनाई जा रही है।

### क्या से क्या हो गई योजना

2016 में 26 बरसाती नालों को 23.66 करोड़ से पक्का बनाने की योजना थी। स्टेट लेवल टेक्निकल कमेटी ने सिर्फ तीन नालों के लिए 12 करोड़ रुपए मंजूर किए। इनमें गोमदड़े की पुलिया से ऊंकाला गणपति मंदिर, आबकारी चौराहा से मराठों का वास व सुभाषनगर से अमृतसागर तालाब तक का नाला शामिल था। वर्तमान में सिर्फ दो नालों को पक्का बनाया जा रहा है।

### पेनाल्टी वसूली जाएगी

*ठेकेदार कंपनी पर पेनाल्टी लगाएंगे। अब जो भी बिल आएगा उसमें से काटकर ही भुगतान होगा। ड्राइंग के विपरीत नहीं और साइट कंडीशन के हिसाब से काम चल रहा है। प्रोजेक्ट लेट हो गया है, मार्च तक पूरा कर देंगे।*
**आयुष धीमान,** रेसीडेंट इंजीनियर, वाप्कोस कंपनी

भास्कर

दै. भास्कर 16/12/21

# दिलबहार चौराहे, दो बत्ती से शहर सराय तक सेंटर लाइटिंग होगी

## निगम आयुक्त झारिया द्वारा स्थलों का निरीक्षण



**सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम**

विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप व कलेक्टर तथा निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहे तक व दो बत्ती से न्यू रोड होते हुए षहर सराय चौराहे तक सेन्टर लाईटिंग के साथ रोड डिवाईडर व हजीरा पुलिया से ऑफिसर कालोनी मोड़ तक सड़क निर्माण हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम इंजीनियरों के साथ स्थलों का निरीक्षण किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहे तक व दो बत्ती से न्यू रोड होते हुए शहर सराय चौराहे तक सेन्टर लाईटिंग के साथ रोड डिवाईडर निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण कर सड़क के सेन्टर हेतु नपती करवाई। इसी तरह नगर निगम स्वामित्व की हजीरा पुलिया से ऑफिसर कालोनी मोड़ तक सड़क के निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने उक्त कार्यो को करवाये जाने हेतु निगम इंजीनियरों को एस्टीमेंट शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री अनवर कुरेशी, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे।

## 80 अधिकारी/कर्मचारी होंगे वायरलैस वॉकी-टॉकी से लैस



**सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम**

नगर निगम के कार्यो को ओर अधिक गति दिये जाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा एस टेली कम्पनी के क्रय किये गये 80 वॉयर लैस वॉकी-टॉकी को चलाने का प्रशिक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को दिया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा 80 वॉयरलैस वॉकी-टॉकी क्रय किये गये जिससे अधिकारी/कर्मचारियों से एक ही समय में बात की जा सकती है। क्रय किये गये वॉयरलैस वॉकी-टॉकी पुरे भारत में संचालित हो सकेगा व कहीं से भी बात कर सकेगा जिससे निगम के कार्यो को ओर अधिक गति मिलेगी।

## खुले में गंदगी करने पर 20 व्यक्तियों पर ज़ुर्माना

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 14 दिसम्बर को 20 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर प्रकाश, नियाज खान, पंकज मीणा, अर्जुन यादव घांस बाजार, मंगलेश, कालू सिंह बाजना बस स्टैण्ड, गोवंधन, शांतिलाल, सोहनलाल पर 100-100, मुकेश, छेदीसिंह, अरूण, धन्नालाल, अनिल राठौड़, रमेश गौशाला रोड, राजु, रामलाल, प्रदीप, संतोष बाजना बस स्टैण्ड, संदीप सागोद रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविश्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 37 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

सिंघम - 15

सिंघम . 15/12/21


# दिलबहार चौराहे, दो बत्ती से शहर सराय तक सेंटर लाइटिंग होगी

## निगम आयुक्त झारिया द्वारा स्थलों का निरीक्षण




'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप व कलेक्टर तथा निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहे तक व दो बत्ती से न्यू रोड होते हुए शहर सराय चौराहे तक सेन्टर लाईटिंग के साथ रोड डिवाईडर व हजीरा पुलिया से ऑफिसर कालोनी मोड़ तक सड़क निर्माण हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम इंजीनियरों के साथ स्थलों का निरीक्षण किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहे तक व दो बत्ती से न्यू रोड होते हुए शहर सराय चौराहे तक सेन्टर लाईटिंग के साथ रोड डिवाईडर निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण कर सड़क के सेन्टर हेतु नपती करवाई। इसी तरह नगर निगम स्वामित्व की हजीरा पुलिया से ऑफिसर कालोनी मोड़ तक सड़क के निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने उक्त कार्यों को करवाये जा[ने] हेतु निगम इंजीनियरों को एस्टीमें[ट] शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरा[न] कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभा[री] सहायक यंत्री अनवर कुरेशी, उपयंत्री मनीष तिवारी आ[दि] उपस्थित थे।

अवन्तिका

सूर्यादय व सूर्यास्त के समय में परिवर्तन से हुआ निर्णय

# 300 पोल पर अंधेरा, बदला बिजली का समय

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में अब भी करीब 300 बिजली पोल पर अंधेरा है। इन सब के बीच नगर निगम ने स्ट्रीट लाइट के शाम को चलाने व अगले दिन सुबह बंद करने के समय में बदलाव कर दिया है। इसकी वजह सूर्यादय व सूर्यास्त के समय में बदलाव को बताया जा रहा है।

शहर में करीब 13 हजार से अधिक बिजली पोल है। इन पर आए दिन अंधेरा रहने की शिकायत सामने आती है। नगर निगम का बिजली विभाग संसाधन की कमी के साथ जुझते हुए इनको बेहतर करने के लिए काम करता रहता है। इन सब के बीच अब पोल की बिजली शुरू करने व बंद करने के समय में बदलाव कर दिया गया है। यह बदलाव लागू कर दिया गया है।

## अब इतनी बजे होगा उजाला

नगर निगम के बिजली विभाग के अनुसार शाम को 5.30 बजे से बिजली को पोल पर शुरू किया जा रहा है। इतना ही नहीं अगले दिन सुबह 6.45 बजे तक पोल से बिजली का हेलोजन रोशन रहेगा। इस बारे में बताया गया है कि सूर्यास्त जल्दी होने व सूर्योदय देर से होने के चलते यह निर्णय लिया गया है। हालांकि अब भी कई क्षेत्र में बिजली के पोल पर हेलोजन खराब होने से अंधेरा रहता है।

## जहां परेशानी वहां सुधार करेंगे समय में

बदलाव होने के चलते शहर में पोल पर बिजली शाम 5.30 बजे रोशनी देना शुरू कर देगी। सुबह यह 6.45 बजे तक रोशनी देगी। जहां ऐसा नहीं हो, वहां पर पोल का नंबर सहीत बंद बिजली का फोटो वाट्सएप नंबर 7471144900 पर मुझे दिया जाए।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 16/12/21

# कोविड वैक्सीनेशन के लिए विशिष्ट महाभियान आज

रतलाम। जिले में कोविड वैक्सीनेशन विशिष्ट महाभियान का आयोजन 16 दिसंबर को होगा। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के संबंध में कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम ने जिले के सभी एसडीएम एवं नोडल अधिकारियों की वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की।

कलेक्टर ने अभियान के दौरान सभी नोडल अधिकारियों को शत प्रतिशत वैक्सीनेशन की लक्ष्यपूर्ति के लिए निर्देशित किया। सभी केंद्रो पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रातः नौ बजे टीकाकरण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ को निर्देशित किया कि देर से पहुंचने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई करें।

**33600 टीके लगाने का लक्ष्य 235 केंद्र बनाए**

जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील ने बताया कि जिले में वैक्सीनेशन के लिए 33600 टीके लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। 235 केंद्रों पर टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। रतलाम शहर में 21 मोबाइल टीमों तथा एमसीएच अस्पताल, जिला अस्पताल, अनाज मंडी, सब्जी मंडी, कालिका माता मंदिर धर्मशाला आदि केंद्रो पर वैक्सीनेशन किया जाएगा।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जमुना भिडे, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावद, एमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे, डीपीएम डा. अजहर अली, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा, सहायक संचालक अंकिता पंड्या आदि उपस्थित रहे।

नई दुनिया 16/12/21

## महाअभियान: आज 33,600 को टीके लगाने का लक्ष्य

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में कोविड वैक्सीनेशन विशिष्ट महाभियान 16 दिसंबर को रखा है। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी एसडीएम एवं नोडल अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की।

कलेक्टर ने अभियान के दौरान सभी नोडल अधिकारियों को शत प्रतिशत वैक्सीनेशन की लक्ष्यपूर्ति के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम से अनुभागवार लक्ष्यपूर्ति की तैयारियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी केंद्रों पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सुबह 9 बजे टीकाकरण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ को निर्देशित किया कि विलंब से पहुंचने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के विरुद्ध कार्यवाही करें।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील ने बताया जिले में वैक्सीनेशन के लिए 33,600 टीके लगाने का लक्ष्य तय किया है इसके लिए 235 केंद्रों पर टीकाकरण की व्यवस्था की गई है।

शहर में 21 मोबाइल टीमों तथा एमसीएच अस्पताल, जिला अस्पताल, अनाज मंडी, सब्जी मंडी, कालिका माता मंदिर धर्मशाला आदि केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा।

दै. भास्कर 16/12/21

# महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहे तक व दो बत्ती से शहर सराय चौराहे तक सेन्टर लाईटिंग के साथ बनेगा रोड डिवाईडर

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहे तक व दो बत्ती से न्यू रोड होते हुए शहर सराय चौराहे तक सेन्टर लाईटिंग के साथ रोड डिवाईडर व हजीरा पुलिया से ऑफिसर कालोनी मोड़ तक सड़क निर्माण हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम इंजीनियरों के साथ स्थलों का निरीक्षण किया।

## निरीक्षण कर नपती कराई

निगम आयुक्त श्री झारिया ने महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहे तक व दो बत्ती से न्यू रोड होते हुए शहर सराय चौराहे तक सेन्टर लाईटिंग के साथ रोड डिवाईडर निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण कर सड़क के सेन्टर हेतु नपती करवाई। इसी तरह नगर निगम स्वामित्व की हजीरा पुलिया से ऑफिसर कालोनी मोड़ तक सड़क के निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया।

## दिए निर्देश

निगम आयुक्त ने उक्त कार्यों को करवाये जाने हेतु निगम इंजीनियरों को एस्टीमेंट शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री अनवर कुरेशी, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे।



राज

राज एक्सप्रेस 16/12/21

# दिलबहार चौराहे, दो बी से शहर सराय तक सेंटर लाइटिंग होगी

रतलाम। विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप व कलेक्टर तथा निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम. के निर्देशानुसार महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहे तक व दो बत्ती से न्यू रोड होते हुए षहर सराय चौराहे तक सेन्टर लाईटिंग के साथ रोड डिवाईडर व हजीरा पुलिया से ऑफिसर कालोनी मोड़ तक सड़क निर्माण हेतु



निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम इंजीनियरों के साथ स्थलों का निरीक्षण किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने महाराजा सज्जनसिंह चौराहे से दिलबहार चौराहे तक व दो बत्ती से न्यू रोड होते हुए शहर सराय चौराहे तक सेन्टर लाईटिंग के साथ रोड डिवाईडर निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण कर सड़क के सेन्टर हेतु नपती करवाई। इसी तरह नगर निगम स्वामित्व की हजीरा पुलिया से ऑफिसर कालोनी मोड़ तक सड़क के निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने उक्त कार्यों को करवाये जाने हेतु निगम इंजीनियरों को एस्टीमेंट शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री अनवर कुरेशी, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 16/12/21